मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 21 C में मीडिया शाला एक्सप्रेस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

Apnahak 03:19

Faridabad : मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 21C ने आज अपने विद्यार्थियों के लिए एक नये विभाग का उद्घाटन किया - मीडिया शाला! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाचार पत्र 'द हिंदू' के वरिष्ठ एडिटर श्री वी. वी. कृष्णन थे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने समृद्ध अनुभव साझा किए और उन्हें निरंतर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया!

विद्यालय की मीडिया शाला में कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर फ़ोटोग्राफ़ी कर सकेंगे। इन कैमरों के द्वारा विद्यार्थी किसी प्रशिक्षित फ़ोटोग्राफ़र की तरह सरलता और सहजता से कैमरे का इस्तेमाल करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या जी, श्रीमती सीमा अनीस ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपने कौशल को और निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।